महोबा पुलिस

दिनांक- 01.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 962/26

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा देर रात्रि में थाना पनवाड़ी का औचक निरीक्षण कर दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा देर रात्रि में थाना पनवाड़ी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, सीसीटीवी व्यवस्था, आवासीय बैरक सहित थाना परिसर के विभिन्न अनुभागों का गहन अवलोकन किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना क्षेत्र में घटित एवं लंबित प्रमुख अपराधों की समीक्षा करते हुए अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया गया। साथ ही भूमि विवाद एवं अन्य संवेदनशील प्रकरणों में की जा रही पुलिस कार्यवाही की समीक्षा कर उनका समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने तथा अपराधों की रोकथाम हेतु प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर, फ्लाईशीट एवं टॉप-10 रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का परीक्षण किया गया। अभिलेखों को अद्यावधिक रखने, नियमित प्रविष्टियां सुनिश्चित करने एवं उनमें दर्ज सूचनाओं की शुद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

हिस्ट्रीशीटर एवं सक्रिय अपराधियों की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए उनके विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्यवाही करने, सतत निगरानी रखने एवं समय-समय पर सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

मिशन शक्ति केन्द्र एवं साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर वहां तैनात पुलिसकर्मियों को पीड़ितों की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उन्हें प्रभावी सहायता उपलब्ध कराने एवं प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

थाना परिसर का भ्रमण कर आवासीय बैरकों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया तथा आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त साफ-सफाई व्यवस्था, मालखाना, हवालात एवं कार्यालय कक्षों का निरीक्षण कर लावारिस एवं जब्त वाहनों के नियमानुसार शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने, संवेदनशील स्थानों पर नियमित चेकिंग करने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने तथा बीट पुलिसिंग को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान थानाध्यक्ष पनवाड़ी श्री प्रवीण सिंह सहित थाना स्टाफ उपस्थित रहा।





महोबा पुलिस

दिनांक- 01.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 963/26

सर्किल कुलपहाड़, थाना पनवाड़ी

थाना पनवाड़ी पुलिस टीम ने जिलाबदर अभियुक्त को अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में वारण्टी/वांछित/जिलाबदर अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अपराधों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना पनवाड़ी पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में आज दिनांक 01.11.2026 को थानाध्यक्ष थाना पनवाड़ी श्री प्रवीण सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम उ0नि0 सुधीर कुमार मय हमराह कां0 प्रताप विक्रम सिंह व कां0 अखिलेश यादव द्वारा ग्राम फदना थाना पनवाड़ी जनपद महोबा के पास से जिलाबदर अभियुक्त अर्जन पुत्र राम स्वरूप उर्फ मुन्ना बाबू राजपूत, उम्र करीब 40 वर्ष, निवासी ग्राम फदना थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर अवैध बरामद हुआ। अभियुक्त द्वारा जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने एवं अवैध शस्त्र रखने के संबंध में थाना पनवाड़ी पर मु0अ0सं0 182/2026 धारा 10 उत्तर प्रदेश गुण्डागर्दी नियंत्रण अधिनियम व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय महोबा के समक्ष पेशी हेतु भेज गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:

अर्जन पुत्र राम स्वरूप उर्फ मुन्ना बाबू राजपूत, उम्र करीब 40 वर्ष, निवासी ग्राम फदना थाना पनवाड़ी जनपद महोबा।

बरामदगी का विवरण:

एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:

1.उ0नि0 सुधीर कुमार
2.कां0 प्रताप विक्रम सिंह
3.कां0 अखिलेश यादव



महोबा पुलिस

दिनांक- 01.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 964/26

आगामी त्योहारों के दृष्टिगत महोबा पुलिस सतर्क, जनपद के समस्त थानों में शस्त्रागार निरीक्षण एवं विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा।

- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में आगामी त्योहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत जनपद के समस्त थानों पर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों में सुरक्षा व्यवस्थाओं, शस्त्रों के रख-रखाव एवं साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई।
- अभियान के क्रम में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा थानों के शस्त्रागार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान शस्त्रों की साफ-सफाई कराई गई तथा उनके चाल वाले पुर्जों (Moving Parts) की सूक्ष्मता से जांच की गई। साथ ही शस्त्रों के रख-रखाव एवं उनकी कार्यशीलता का परीक्षण कर उन्हें सदैव उपयोग के लिए तैयार एवं सुरक्षित स्थिति में रखने के निर्देश दिए गए, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उनका प्रभावी एवं सुचारू उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।
- इसके अतिरिक्त सभी थानों के थाना कार्यालयों एवं परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यालय कक्षों, अभिलेखागार, मालखाना, हवालात, बैरकों एवं परिसर के अन्य स्थानों की साफ-सफाई कराई गई। थाना परिसरों में स्वच्छता एवं सुव्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ अभिलेखों एवं अन्य आवश्यक सामग्री को व्यवस्थित ढंग से रखने पर विशेष ध्यान दिया गया।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सभी थाना प्रभारियों एवं पुलिसकर्मियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक पुलिस प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।
- महोबा पुलिस द्वारा त्योहारों के दौरान जनपद में सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाने हेतु आवश्यक तैयारियां एवं कार्यवाही निरंतर की जा रही हैं।



महोबा पुलिस

दिनांक- 01.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 965/26

सर्किल नगर, थाना कोतवाली नगर

थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने पशु चोरी की घटना में वांछित 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, जिनके कब्जे से 15,000 रुपये बरामद।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकान्त गोंड के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराध की रोकथाम एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के अंतर्गत थाना कोतवाली नगर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

दिनांक 13.05.2026 को वादिया श्रीमती मीरा कुमारी पत्नी हरिचरण विश्वकर्मा निवासी मोदी ग्राउण्ड के सामने जनपद महोबा के घर से दो भैंस चोरी होने के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 231/2026 धारा 303(2)/352/351(3) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था।

उक्त प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा उ0नि0 शाहजहां अली मय हमराह हे0कां0 अजय कुमार एवं कां0 नरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा 02 नफर वांछित अभियुक्तगण 1.पुष्पेन्द्र प्रजापति पुत्र स्वामीदीन उम्र 26 वर्ष निवासी गैलेक्सी गार्डन के पास, शेखूनगर भटीपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा 2.भारत यादव पुत्र भजनलाल उम्र 39 वर्ष निवासी बालू मील पठा रोड, शेखूनगर भटीपुरा, थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को दिनांक 31.10.2026 को बीजानगर रोड, शाहपहाड़ी मार्ग पर पुलिया के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त पुष्पेन्द्र प्रजापति के कब्जे से 10,000 रुपये तथा अभियुक्त भारत यादव के कब्जे से 5,000 रुपये, कुल 15,000 रुपये नकद बरामद किए गए। उक्त प्रकरण में बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

गिरफ्तार अभियुक्तगण:-

1.पुष्पेन्द्र प्रजापति पुत्र स्वामीदीन उम्र 26 वर्ष निवासी गैलेक्सी गार्डन के पास शेखूनगर भटीपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

2.भारत यादव पुत्र भजनलाल उम्र 39 वर्ष निवासी बालू मील पठा रोड शेखूनगर भटीपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

बरामदगी:-

अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की गई भैंसों को बेचकर प्राप्त धनराशि में से कुल 15,000 रुपये नकद बरामद।

गिरफ्तारी एवं बरामदगी करने वाली पुलिस टीम:-

1.उ0नि0 शाहजहां अली

2.हे0कां0 अजय कुमार

3.कां0 नरेन्द्र कुमार



महोबा पुलिस

दिनांक- 01.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 966/26

सर्किल नगर, थाना खन्ना

थाना खन्ना पुलिस टीम द्वारा

02 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष खन्ना श्री धर्मेन्द्र सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

आज दिनांक 01.11.2026 को उ0नि0 नरोत्तम सिंह व उ0नि0 मौजीलाल वर्मा मय हमराह कां0 अरविन्द कुमार पाल एवं कां0 सूरज सरोज के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा 02 नफर वारण्टी अभियुक्तगण क्रमशः 1.छिद्दू पुत्र तुलईया, उम्र करीब 44 वर्ष, निवासी ग्राम अकबई, थाना खन्ना, जनपद महोबा सम्बन्धित क्रिमिनल केस संख्या 419/2025 व मु0अ0सं0 130/2023, धारा 323/504/506 IPC में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को ग्राम अकबई के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया व 2.रामप्रकाश पुत्र शंकर उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम बन्नी थाना खन्ना जनपद महोबा सम्बन्धित क्रिमिनल केस संख्या 9096/2022 व मु0अ0सं0 80/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को ग्राम खन्ना के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण:

1.छिद्दू पुत्र तुलईया उम्र करीब 44 वर्ष निवासी ग्राम अकबई थाना खन्ना जनपद महोबा।

2.रामप्रकाश पुत्र शंकर उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम बन्नी थाना खन्ना जनपद महोबा।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:

1.उ0नि0 नरोत्तम सिंह

2.उ0नि0 मौजीलाल वर्मा

3.कां0 अरविन्द कुमार पाल

4.कां0 सूरज सरोज



महोबा पुलिस

दिनांक- 01.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 967/26

मिशन शक्ति अभियान 6.0 :- परिवार परामर्श केन्द्र की पहल से 03 परिवारों में लौटी खुशियाँ, आपसी मतभेद हुए दूर...।

- मिशन शक्ति अभियान 6.0 के अन्तर्गत जनपद महोबा पुलिस द्वारा संचालित परिवार परामर्श केन्द्र के प्रभावी प्रयासों से कई बिखरते परिवारों को टूटने से बचाया गया है। संवाद, समझ और संवेदनशील परामर्श के माध्यम से पारिवारिक विवादों का समाधान कर परिवारों में पुनः खुशियों की वापसी कराई गई।
- आज दिनांक 01.11.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन महोबा स्थित सभाकक्ष में परिवार परामर्श केन्द्र का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी महिला थाना उ0नि0 निकिता शुक्ला द्वारा की गई। कार्यक्रम में परिवार परामर्श केन्द्र के सभी सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे।
- कार्यक्रम के दौरान पति-पत्नी के 30 ऐसे जोड़ों, जिनके मध्य पारस्परिक पारिवारिक विवाद चल रहा था, की गहन काउंसिलिंग की गई। प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुना गया तथा दोनों पक्षों की समस्याओं के समाधान हेतु संयमित, सकारात्मक एवं संवेदनशील परामर्श प्रदान किया गया। काउंसिलिंग के परिणामस्वरूप 03 पति-पत्नी (दंपत्ति) पुनः आपसी सहमति से साथ रहने के लिए राज़ी हुए। शेष प्रकरणों को आगामी तिथि पर पुनः काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित किया गया है।
- परिवार परामर्श केन्द्र एवं जनपद महोबा पुलिस के इन सफल प्रयासों की प्रभावित परिवारों एवं उनके परिजनों द्वारा सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।
- परामर्श कार्यक्रम के दौरान म0हे0कां0 अल्का, म0हे0कां0 नीलम, म0कां0 अनुप्रिया, म0कां0 मानसी सहित परिवार परामर्श कमेटी से काउंसलर श्रीमती विभा पुरवार, श्रीमती नीतू पालीवाल, श्री शिवकुमार गोस्वामी, श्री रामजी गुप्ता तथा श्रीमती कल्पना सोनी (जे.जे.बोर्ड) आदि सम्मानित सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति सराहनीय रही।





महोबा पुलिस

दिनांक- 01.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 968/26

शीत ऋतु के दृष्टिगत महोबा पुलिस अलर्ट, चोरी एवं नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु जनपदभर में सघन रात्रि गश्त एवं प्रभावी पेट्रोलिंग जारी...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में आगामी शीत ऋतु के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शाति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा चोरी, नकबजनी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं की प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा विशेष सतर्कता बरतते हुए सघन रात्रि गश्त एवं प्रभावी पेट्रोलिंग की जा रही है।

इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा संवेदनशील एवं चिन्हित क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों, बाजारों, आबादी वाले क्षेत्रों एवं सुनसान स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। साथ ही रात्रिकालीन पुलिस गश्त के दौरान पुलिस सायरन का भी प्रयोग किया जा रहा है, जिससे पुलिस की प्रभावी विजिबिलिटी सुनिश्चित होने के साथ ही आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हो तथा असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों में भय व्याप्त रहे।

महोबा पुलिस द्वारा रात्रि के समय संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग करते हुए आपराधिक गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। पुलिस का उद्देश्य अपराध घटित होने से पूर्व ही प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करना तथा अपराध में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही एवं गिरफ्तारी सुनिश्चित करना है।

महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा एवं जनपद में सुरक्षित वातावरण बनाए रखने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है।



